नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

# कला सागर नाट्य महोत्सव में प्रदर्शंकारी कला विभाग ने लहराया परचम

वर्धा, 24 अक्टूबर 2018 :- विदर्भ की प्रतिष्ठित कला संस्था 'कला सागर' तथा विदर्भ हिन्दी साहित्य सम्मेलन नागपुर के




संयुक्त तत्वाधान में नागपुर मे आयोजित पाँच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रदर्शनकारी कला विभाग (फ़िल्म एवं रंगमंच)तथा साहित्य विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिसमें विभाग के 75 विद्यार्थियों अपने चार नाटकों की सफल प्रस्तुति दी, और तीन पुरस्कार भी जीते।

ज्ञात हो कि नागपूर में हुए इस नाट्य महोत्सव में विभाग के शोद्यार्थी नितप्रिया प्रलय तथा आशीष कुमार के निर्देशन में प्रसिद्ध नाटककार असगर वजाहत का नाटक गोडसे एट गाँधी डॉट कॉम , अजय दहायत लिखित तथा निर्देशित 'फैलता जहर', हबीब तनवीर लिखित , शैलेंद्र कुशवाहा द्वारा निर्देशित 'सड़क' तथा असगर वजाहत द्वारा लिखित ,धर्मराज द्वारा निर्देशित नाटक 'सबसे सस्ता गोस्त' का मंचन किया गया ।

सर्वश्रेष्ठ नाट्य निर्माण का द्वितीय पुरस्कार विभाग के शोद्यार्थी नीतप्रिया प्रलय तथा आशीष कुमार के निर्देशन में मंचित नाटक गोडसे एट गाँधी डॉट कॉम को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का द्वितीय पुरस्कार विभाग के विद्यार्थी तथा नाटक में नथुराम गोडसे की भूमिका कर रहे सर्वेश कुमार मणि को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ नाट्य निर्देशन का द्वितीय पुरस्कार विभाग के विद्यार्थी अजय दहायत ने 'फैलता जहर' के लिए जीता।

शैक्षणिक यात्रा के तहत कला सागर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव मे विभाग द्वारा प्रतिभागिता की गयी । शैक्षणिक यात्रा तथा कला सागर नाट्य समारोह के विभागीय प्रभारी डॉ. सतीश पावड़े थे। इस अवसर पर दीर्घ नाट्य सेवा हेतु प्रभारी विभागाध्यक्ष तथा

नाटककार, निर्देशक डॉ. पावड़े को ओम फिल्म्स ,लंदन ,'कला सागर' तथा विदर्भ हिन्दी साहित्य सम्मेलन नागपुर द्वारा सम्मानित



किया गया। मराठी की प्रसिद्ध फिल्म निर्माता तथा फिल्म निर्देशक उज्ज्वल ठेंगड़ी , बबीता धाप पालवे द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनका सत्कार किया गया। समारोह का संयोजन पदम नायर ने किया था।

---

## कला सागर नाट्य महोत्सवात प्रदर्शकारी कला विभाग पुरस्कृत

वर्धा, 24 ऑक्टोबर 2018 :- 'कला सागर' तथा विदर्भ हिन्दी साहित्य सम्मेलन नागपूर यांच्या संयुक्तविद्यमाने नागपूर येथे आयोजित पाच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सवात महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील प्रदर्शनकारी कला विभागाने अनेक पुरस्कार पटकाविले. या महोत्सवात 75 विद्यार्थ्यांनी चार नाटक सादर केले.

या नाट्य महोत्सवात नीतप्रिया प्रलय तथा आशीष कुमार यांच्या निर्देशनात प्रसिद्ध नाटककार असगर वजाहत लिखित नाटक गोडसे ॲट गांधी डॉट कॉम, अजय दहायत लिखित तथा निर्देशित 'फैलता जहर', हबीब तनवीर लिखित, शैलेंद्र कुशवाहा द्वारा निर्देशित 'सड़क' तथा असगर वजाहत द्वारा लिखित ,धर्मराज द्वारा निर्देशित नाटक 'सबसे सस्ता गोस्त' या नाटकांचे सादरीकरण करण्यात आले.

सर्वश्रेष्ठ नाट्य निर्मितीचा द्वितीय पुरस्कार नीतप्रिया प्रलय व आशीष कुमार यांच्या गोडसे एट गांधी डॉट कॉम या नाटकाला, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्याचा द्वितीय पुरस्कार नथुराम गोडसेच्या भूमिकेसाठी सर्वेश कुमार मणि याला तर सर्वश्रेष्ठ नाट्य निर्देशनाचा द्वितीय पुरस्कार अजय दहायत यांच्या 'फैलता जहर' या नाटकाला मिळाला.

विभागीय प्रभारी डॉ. सतीश पावडे यांच्या नेतृत्वात शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत कला सागर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सवात विश्वविद्यालयाने नाटय स्पर्धांमध्ये सहभाग घेतला होता. यावेळी डॉ. पावडे यांना ओम फिल्म्स, लंडन ,'कला सागर' तथा विदर्भ हिन्दी साहित्य सम्मेलन नागपूर यांच्या द्वारे दीर्घ नाट्यसेवेकरिता सन्मानित करण्यात आले. यावेळी प्रसिद्ध फिल्म निर्माता, निर्देशक उज्ज्वल ठेंगड़ी, बबीता धाप पालवे यांच्याकडून स्मृती चिन्ह देवून त्यांचा सत्कार करण्यात आला. कार्यक्रमाचे संयोजन पदम नायर यांनी केले.